कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली 110 012.
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi-110012
Tele : 25841928, 25848172; Fax : 25846311

फाइल सं. 10(01)/2018-भर्ती 1 विज्ञापन सं. 01/2018

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा इसके संस्थानों में निम्नलिखित अनुसंधान प्रबंधन पदों पर सीधी भर्ती के लिए **भारतीय नागरिकों** से आवेदन आमंत्रित है। इन पदों को सावधिक कार्यकाल के आधार पर पांच वर्षों के लिए भरा जाएगा।

I. **एक पद, पे बैंड रूपए 75,000/- (स्थिर) + रूपए 5,000/- प्रति माह का विशेष भत्ता**
II. **सहायक महानिदेशक/निदेशक/संयुक्त निदेशक के अठारह पद, पे बैंड-4 रूपए 37,400-67,000 + रूपए 10,000 का आरजीपी (न्यूनतम वेतन 43,000/- रूपए)**

**आयु -** आवेदक की आयु **04.04.2018** को 60* वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| |
|---|
| * **जो आवेदक पूर्व में विज्ञापन सं. 05/2016 के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके हैं वे मंडल के वेबसाइट पर नोटिस दिनांक 20.2.2018 के अंतर्गत दिए गए संशोधित आवेदन प्रपत्र-2018 में पुन: आवेदन करें। इन आवेदकों को पुन: आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**<br>**आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन सं. 05/2016 जिसकी अंतिम तिथि 31.01.2017 थी, के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके आवेदकों को एक बार के लिए आयु सीमा में छूट दी जाएगी और उनकी आयु की गणना तदनानुसार की जाएगी।** |

**शुल्क -** शुल्क का भुगतान निम्नलिखित रूप से किया जाना चाहिए और इसे आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करना चाहिए।

क) देश के भीतर से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए –
**सचिव, कृ.वै.च.मं. को नई दिल्ली (भारत) में देय** रू 500 का रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जिसकी वैधता तीन माह हो। तथापि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/विकलांग उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान से छूट है।

ख) विदेश से आवेदन करने वाले आवेदकों/उम्मीदवारों को 50 अमरीकी डॉलर का भुगतान ''SWIFT'' के माध्यम से निम्नलिखित एकाउंट में जमा करना होगा।

| | |
|---|---|
| खाता धारक का नाम | - सचिव, कृ.वै.च.मं. |
| बैंक का नाम | - सिंडिकेट बैंक |
| शाखा का पता | - कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-12 |
| खाता संख्या | - 24133050000035 |
| आईएफएससी कोड | - **SYNB0009029** |
| **SWIFT Code** | **- SYNBINBB019** |

ग) 'SWIFT' के माध्यम से किया गया भुगतान/ डिमांड ड्राफ्ट आवेदन के केवल अग्रिम प्रति के साथ ही संलग्न करना चाहिए और इसकी एक प्रति उचित माध्यम वाले आवेदन के साथ संलग्न करनी चाहिए।

घ) कृ.वै.च.मं. के पूर्व **विज्ञापन सं. 05/2016** के अनुसार पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को पुन: शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि डिमांड ड्राफ्ट संख्या/ SWIFT रसीद का आवेदन में उल्लेख करें।**

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में आवेदनों की प्राप्ति की (नए आवेदकों तथा जो आवेदक पहले आवेदन कर चुके हैं, दोनों के लिए) अंतिम तिथि **04.04.2018** है। विदेश और अधिसूचित सुदूर क्षेत्रों (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह लक्षद्वीप, मिनीकॉय एवं अमनदीव द्वीप समूह, उत्तर-पूर्वी प्रदेश के राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों, जम्मू एवं काश्मीर राज्य के लद्दाख, सिक्किम, पांगी, हिमाचल प्रदेश के चाम्बा, लाहुल एवं स्पीती जिलों से भेजे गए आवेदनों के लिए अंतिम तिथि **19.04.2018** होगी। ऊपर उल्लेखित अंतिम तिथियों तक कृ.वै.च.मं. में प्राप्त न होने वाले आवेदनों को बिना किसी सूचना के सरसरी तौर कर खारिज कर दिया जाएगा।

कार्यरत उम्मीदवार जिन्हें अपने नियोक्ता द्वारा उनके आवेदन को अग्रेषित करने में विलंब होने की आशंका है, वे अंतिम तिथि तक कृ.वै.च.मं. में आवेदन की 'अग्रिम प्रति' भेज सकते हैं। तथापि, कृ.वै.च.मं. को सीधे आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि तक भेजने के दौरान उम्मीदवार को अपने आवेदन की अग्रिम प्रति के साथ एक प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा कि उसने अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस बाबत सूचित किया है तथा साथ-ही-साथ उक्त पद के लिए मूल आवेदन को अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस अनुरोध से प्रस्तुत किया है कि उक्त आवेदन को कृ.वै.च.मं. को अंतिम तिथि के पश्चात **30** दिनों के भीतर, यानी **04.05.2018** तथा **21.05.2018** (विदेश/अधिसूचित सुदूर क्षेत्र) तक "उचित माध्यम" द्वारा अग्रेषित करें अन्यथा बिना किसी सूचना के इसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

आवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वे मंडल के वेबसाइट पर दी गई सूचना, दिनांक 20.2.2018 में अधिसूचित संशोधित आवेदन प्रपत्र-2018 में ही आवेदन करें।

आवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वे स्कोर कार्ड-2018/आवेदन प्रपत्र के अनुसार निर्धारित दस्तावेज/प्रमाणपत्र यानि मूल डिमांड ड्राफ्ट, जन्म तिथि/एमएससी/पीएचडी/अनु.जा./अनु. ज.जा./विकलांगता प्रमाणपत्र या इस प्रकार के अन्य प्रमाणपत्रों के अलावा कोई अन्य अनुलग्नक आवेदन के साथ संलग्न न करें। **'आवेदन प्रपत्र-2018' तथा 'स्कोर कार्ड-2018' इस समय कृवैचमं. के वेबसाइट (www.asrb.org.in) तथा भाकृअनुप के वेबसाइट (www.icar.org.in) पर उपलब्ध है। आवेदन इन प्रपत्रों के अनुरूप न होने पर इसका मूल्यांकन/स्कोरिंग नहीं किया जाएगा और इसे रद्द कर दिया जाएगा।**

**आवदेकों को यह भी सुझाव दिया जाता है कि आवेदन भरने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन सं.01/2018 - 'उम्मीदवारों के लिए सूचना' में दिए गए निर्दिष्ट विवरणों तथा अन्य संबंधित विवरण को देख लें। सभी प्रपत्र तथा निर्दिष्ट विवरण उपरोक्त कृवैचमं. एवं भाकृअनुप के वेबसाइटों पर देखें जा सकते हैं/डाउनलोड कर सकते हैं।**

**(I) भाकृअनुप-राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक**

**1. निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (समतुल्य विश्वविद्यालय), पे बैंड 75,000/- (स्थिर) + 5,000 प्रति माह का विशेष भत्ता**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) कृषि विज्ञान या पौधों/फसलों से संबंधित जैवप्रौद्योगिकी, अनुवांशिकी, प्रजनन, आण्विक जीव शास्त्र में विशेषज्ञता के साथ मौलिक विज्ञान के किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की डिग्री

(ii) कोई वैज्ञानिक/अध्यापक जिनके पास प्रधान वैज्ञानिक/प्रोफेसर या समकक्ष पद पर कम से कम 8 वर्षों का अनुभव हो जिसका वेतनमान पे बैंड 4 में रूपए 37400-67000 और ग्रेड पे रूपए 10,000/- हो, जिसमें से 3 वर्षों का अनुभव अनुसंधान प्रबंधन पद पर हो या नीचे उल्लेखित किसी पद पर 5 वर्षों का अनुभव या आरएमपी पद पर की गई सेवा के लिए 1.0 की भारिता एवं निम्नलिखित पदों पर की गई सेवा के लिए 0.6 की भारिता देने के पश्चात, अनुसंधान प्रबंधन एवं निर्दिष्ट पद पर 3 वर्षों का संचयी भारित अनुभव (क्यूमूलेटिव वेयटेड एक्सपीरीयंस) हो।

(क) भाकृअनुप संस्थानों में प्रभागाध्यक्ष
(ख) भाकृअनुप संस्थानों में प्रादेशिक केन्द्रों के अध्यक्ष
(ग) परियोजना समन्वयक
(घ) जोनल समन्वयक (27.01.2009 से पूर्व की गई सेवा)

(ङ) राष्ट्रीय संस्थानों/समतुल्य विश्वविद्यालयों के छोड़कर अन्य संस्थानों के संयुक्त निदेशक;

**या**

प्रख्यात संगठन/संस्थान में कार्यरत एवं संबंधित विषय में 21 वर्षों के अनुभव वाले 'उत्कृष्ट वैज्ञानिक' जिनके वैज्ञानिक योगदान के प्रमाणित दस्तावेज हैं।

'उत्कृष्ट वैज्ञानिक' की वैकल्पिक अर्हता के अंतर्गत उन उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा जिन्हें (1) राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार/सम्मान, जैसे आईसीएआर, सीएसआईआर, डीबीटी, भारत सरकार, प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय निकायों जैसे खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र आदि के सम्मान,

(2) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय अकादमियों के फेलोशिप, जैसे- राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, भारतीय विज्ञान अकादमी, भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी या समकक्ष राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय अकादमियां तथा

(3) 7.5 या उससे अधिक नास रेटिंग (01.01.2016 से लागू)* वाले जर्नलों में कम से कम 10 प्रकाशन हैं। इस उपनियम के अंतर्गत अर्हता प्राप्त करने हेतु आवेदक को तीनों ही शर्तों को साथ साथ पूरा करना होगा।

***** *भविष्य में जब कभी नास रेटिंग में बदलाव होगा वह इस उद्देश्य के लिए लागू होगा।*

(iii) अनुसंधान/अध्यापन/विस्तार शिक्षा में योगदान के साक्ष्य जो प्रकाशित कार्य/नवाचार तथा प्रभाव द्वारा समर्थित हो।

**वांछनीय** :- उम्मीदवार, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान, नीतिगत योजना तथा अंतर्राष्ट्रीय संपर्क/सहयोग स्थापित करने के व्यापक दृष्टिकोण से वैज्ञानिक नेतृत्व तथा अनुसंधान प्रबंधन में कौशल प्रदर्शित किया हुआ हो।

**(II) भाकृअनुप मुख्यालय में सहायक महानिदेशक/भाकृअनुप संस्थानों के निदेशक, पे बैंड 4 रू 37400-67000/- + आरजीपी रू 10,000/- (न्यूनतम वेतन रू 43,000/-)**

**2) भाकृअनुप मुख्यालय में सहायक महानिदेशक (बीज)**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) फसल सुधार/बीज प्रौद्योगिकी/बीज उत्पादन में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट डिग्री।

(ii) पे बैड-4 रु. 37,400-67,000/- + ग्रेड पे - 10,000/- में प्रधान वैज्ञानिक/प्रोफेसर या समकक्ष पद में कम से कम 5 वर्षों का अनुभव।

**या**

प्रख्यात संगठन/संस्थान में कार्यरत एवं संबंधित विषय में 15 वर्षों के अनुभव वाले ‘उत्कृष्ट वैज्ञानिक’ जिनके वैज्ञानिक योगदान के प्रमाणित दस्तावेज हैं। ‘उत्कृष्ट वैज्ञानिक’ की वैकल्पिक अर्हता के अंतर्गत उन उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा जिन्हें (1) राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार/सम्मान, जैसे आईसीएआर, सीएसआईआर, डीबीटी, भारत सरकार, प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय निकायों जैसे खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र आदि के सम्मान, (2) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय अकादमियों के फेलोशिप, जैसे- राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, भारतीय विज्ञान अकादमी, भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी या समकक्ष राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय अकादमियों तथा (3) 7.5 या उससे अधिक नास रेटिंग (01.01.2016 से लागू)* वाले जर्नलों में कम से कम 10 प्रकाशन हैं। इस उपनियम के अंतर्गत अर्हता प्राप्त करने हेतु आवेदक को तीनों ही शर्तों को साथ साथ पूरा करना होगा।

**भविष्य में जब कभी नास रेटिंग में बदलाव होगा वह इस उद्देश्य के लिए लागू होगा।*

(iii) प्रकाशन/गतिविधियों में योगदान के साक्ष्य, जिससे यह ज्ञात होता हो कि उम्मीदवार कृषि अनुसंधान में व्यापक दृष्टिकोण एवं परिप्रेक्षय रखते हैं।

**वांछनीय :** बीज प्रौद्योगिकी/बीज उत्पादन में अनुभव।

**3) भाकृअनुप मुख्यालय में सहायक महानिदेशक (तिलहन एवं दलहन)**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार की विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की उपाधि।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** तिलहन/दलहन के सुधार में अनुभव।

**4) निदेशक, भाकृअनुप-केन्द्रीय पटसन एवं संबद्ध रेशा अनुसंधान संस्थान, बैरकपुर**

**आवश्यक अर्हताएं**

(i) फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** पटसन/रेशा फसलों में कार्य का अनुभव।

**5) निदेशक, भाकृअनुप - भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) बीज प्रौद्योगिकी/फसल सुधार में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** बीज प्रौद्योगिकी/बीज उत्पादन में अनुभव। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बीज क्षेत्र तथा बीज नीतियों का ज्ञान होना चाहिए।

**6. निदेशक, भाकृअनुप - राष्ट्रीय समेकित कीट प्रबंधन अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, सूत्रकृमि विज्ञान में या जैविक नियंत्रण/समेकित कीट प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ पादप संरक्षण के किसी अन्य विषयक्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** कीट निगरानी और समेकित कीट प्रबंधन में अनुभव।

**7. निदेशक, भाकृअनुप-सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फसल सुधार/फसल उत्पादन/फसल संरक्षण में विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** तिलहन फसलों में सुधार का अनुभव।

**8. निदेशक, भाकृअनुप-राष्ट्रीय पटसन एवं संबद्ध रेशा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, कोलकाता**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) फार्म मशीनरी एवं पावर/कृषि प्रसंस्करण अभियांत्रिकी/प्रसंस्करण एवं कृषि संरचनाएं/सस्योत्तर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी/वस्त्र प्रौद्योगिकी/वस्त्र अभियांत्रिकी में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** उम्मीदवार पटसन तथा सम्बद्ध रेशा के उत्पादनोत्तर प्रक्रियाओं/कृषि उत्पाद यांत्रिकीकरण तथा मूल्य संवर्धन के व्यापक दृष्टिकोण एवं परिपेक्ष्य के संदर्भ में प्रकाशन, पेटेंट्स/प्रौद्योगिकियां तथा अनुसंधान प्रबंधन कौशल में वैज्ञानिक नेतृत्व प्रदर्शित किया हुआ हो।

**9. परियोजना निदेशक**, **भाकृअनुप-खुरपका एवं मुंहपका रोग परियोजना निदेशालय**, **मुक्तेश्वर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) पशु चिकित्सा सूक्ष्मजैविकी/वैटरिनरी वाइरोलॉजी/ पशुचिकित्सा रोगविज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** पशु स्वास्थ्य /संक्रामक रोग में अनुभव।

**10. निदेशक, भाकृअनुप-केन्द्रीय गोपशु अनुसंधान संस्थान, मेरठ कैंट, उत्तर प्रदेश**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) आनुवांशिकी एवं प्रजनन/पशु प्रजनन में विशेषज्ञता के साथ पशु विज्ञान/पशु चिकित्सा विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** गोपशु प्रजनन और उत्पादन में अनुभव।

**11. निदेशक, भाकृअनुप-काजू अनुसंधान निदेशालय, पुत्तूर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) खेत रोपण फसलों की विशेषज्ञता के साथ कृषि/मौलिक विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :** काजू/रोपण फसलों के क्षेत्रों में अनुभव।

**12. निदेशक, भाकृअनुप-केन्द्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान, इला, ओल्ड गोवा**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ कृषि विज्ञान के किसी भी विषयक्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) पद संख्या 2 में जैसा उल्लेखित है।

**वांछनीय :** तटीय कृषि के विशेष संदर्भ में बहुविषयक पालन प्रणालियों के अनुसंधान क्षेत्र में अनुभव।

**(III) राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक**, **पे बैंड 4 रू 37400-67000/- + आरजीपी रू 10,000/- (न्यूनतम वेतन रू 43,000/-)**

**13. संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), भाकृअनुप - राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) डेयरी/पशु चिकित्सा/पशु विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी/डेयरी अभियांत्रिकी में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :-** डेरी विज्ञान में अनुभव।

**14. संयुक्त निदेशक, भाकृअनुप - भारतीय पशु चिकित्सा अनुसधान संस्थान, मुक्तेश्वर कैम्पस, आईवीआरआई इज्जतनगर, के अधीन**

**आवश्यक अर्हताएं :** (i) पशुचिकित्सा विज्ञान की किसी भी शाखा में डॉक्टरेट की उपाधि।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :-** पशु स्वास्थय/पशु उत्पादन के क्षेत्र में अनुभव।

**15. संयुक्त निदेशक, भाकृअनुप - केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुम्बई**

**आवश्यक अर्हताएं :** (i) जलजीव पालन/मत्स्य संसाधन प्रबंधन/मत्स्य आनुवांशिकी एवं प्रजनन/मत्स्य पोषण/मत्स्य स्वास्थ्य/मत्स्य रोग विज्ञान/मत्स्य जैवप्रौद्योगिकी/मत्स्य जैव रसायनिकी एवं कार्यिकी/

जलीय पर्यावरण प्रबंधन/मेरीकल्चर/मत्स्य एवं मात्स्यिकी विज्ञान/मत्स्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी या मात्स्यिकी विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ प्राणी विज्ञान/पशु विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :-** जलजीव पालन या मात्स्यिकी के संबंधित क्षेत्रों में अनुभव।

**16. संयुक्त निदेशक एवं संकायाध्यक्ष, स्नातकोत्तर स्कूल, भाकृअनुप - राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर**

**आवश्यक अर्हताएं :** (i) पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, सूत्रकृमि विज्ञान या जैविक स्ट्रैस प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ पादप संरक्षण के किसी भी अन्य विषयक्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :-** जैविक स्ट्रैस प्रबंधन में अनुभव।

**17. संयुक्त निदेशक, क्रॉप रेसिसटेंस सिस्टम रिसर्च, भाकृअनुप - राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर**

**आवश्यक अर्हताएं :**

(i) रेसिसटेंस सिस्टम रिसर्च में विशेषज्ञता के साथ पादप प्रजनन एवं आनुवांशिकी, पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, सूत्रकृमि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय** :- रेसिसटेंस सिस्टम रिसर्च में अनुभव।

**18. संयुक्त निदेशक, फसल स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान स्कूल, भाकृअनुप - राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर**

**आवश्यक अर्हता :-**

(i) पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, सूत्रकृमि विज्ञान या पादप स्वास्थ्य प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ पादप संरक्षण के किसी अन्य विषयक्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :-** पादप स्वास्थ्य प्रबंधन में अनुभव।

**19. संयुक्त निदेशक, स्कूल ऑफ क्रॉप हेल्थ पॉलिसी स्पोर्ट रिसर्च, भाकृअनुप-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर**

**आवश्यक अर्हताए :**

(i) सामाजिक विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि।

(ii) और (iii) जैसा पद संख्या **2** में उल्लेखित है।

**वांछनीय :-** पादप स्वास्थ्य प्रबंधन नीति में अनुभव।

## महत्वपूर्ण सूचनाएं

**(I) <u>आयु सीमा</u>**

आवेदक की आयु **<u>04.04.2018</u>** को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**जो आवेदक पूर्व में विज्ञापन सं. 05/2016 के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके हैं वे मंडल के वेबसाइट पर नोटिस दिनांक 20.2.2018 के अंतर्गत दिए गए संशोधित आवेदन प्रपत्र-2018 में पुन: आवेदन करें। इन आवेदकों को पुन: आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन सं. 05/2016 जिसकी अंतिम तिथि 31.01.2017 थी, के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन कर चुके आवेदकों को एक बार के लिए आयु सीमा में छूट दी जाएगी और उनकी आयु की गणना तदनानुसार की जाएगी।**

**(II) अंतिम तिथि**

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में आवेदनों की प्राप्ति की (नए आवेदकों तथा जो आवेदक पहले आवेदन कर चुके हैं, दोनों के लिए) अंतिम तिथि **04.04.2018** है। विदेश और अधिसूचित सुदूर क्षेत्रों (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह लक्ष्य द्वीप, मिनीकॉय एवं अमनदीवी द्वीप समूह, उत्तर-पूर्वी प्रदेश के राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों, जम्मू एवं काश्मीर राज्य के लद्दाख, सिक्किम, पांगी, हिमाचल प्रदेश के चाम्बा, लाहुल एवं स्पीती जिलों से भेजे गए आवेदनों के लिए अंतिम तिथि **19.04.2018** होगी। ऊपर उल्लेखित अंतिम तिथियों तक कृ.वै.च.मं. में प्राप्त न होने वाले आवेदनों को बिना किसी सूचना के सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

कार्यरत उम्मीदवार जिन्हें अपने नियोक्ता द्वारा उनके आवेदन को अग्रेषित करने में विलंब होने की आशंका है, वे अंतिम तिथि तक कृ.वै.च.मं. में आवेदन की 'अग्रिम प्रति' भेज सकते हैं। तथापि, कृ.वै.च.मं. को सीधे आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि तक भेजने के दौरान उम्मीदवार को अपने आवेदन की अग्रिम प्रति के साथ एक प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा कि उसने अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस बाबत सूचित किया है तथा साथ-ही-साथ उक्त पद के लिए मूल आवेदन को अपने नियंत्रण प्राधिकारी/नियोक्ता को इस अनुरोध से प्रस्तुत किया है कि उक्त आवेदन को कृ.वै.च.मं. को अंतिम तिथि के पश्चात **30** दिनों के भीतर, यानी **04.05.2018** तथा **21.05.2018** (विदेश/अधिसूचित सुदूर क्षेत्र) तक "उचित माध्यम" द्वारा अग्रेषित करें अन्यथा बिना किसी सूचना के इसे सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

**(III)** आवेदनों का "उचित माध्यम द्वारा" अग्रेषण

क) आवेदक/उम्मीदवार कृपया यह सुनिश्चित करें कि उनके पैरेंट आफिस से "उचित माध्यम द्वारा" अग्रेषित उनके आवेदन की प्रति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक पहुंच जाए।

ख) प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा में कार्यरत उम्मीदवार को अपने आवेदन को प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा के अपने कार्यालय से उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित करवाना होगा, जो अपने पेरेंट आफिस से अग्रेषित आवेदन के अतिरिक्त होगा।

ग) उचित माध्यम द्वारा भेजे गए आवेदनों के साथ **नियोक्ता द्वारा जांच प्रमाणपत्र** संलग्न होना चाहिए जिसमें निम्नलिखित तथ्यों का सकारात्मक और बिना असफल हुए जांच/प्रमाणीकरण एवं सूचित किया जाना चाहिए।

(I) उम्मीदवार द्वारा आवेदन में सूचित सेवा विवरण।

(II) आवेदन किए गए पद के लिए योग्यता।

(III) सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र ।

(IV) पिछले 10 वर्षों में लगाए गए मेजर/माइनर पैनाल्टीज का विवरण, यदि हो तो।

(V) पिछले 05 वर्षों के एएआर/एसीआर/एपीएआर ग्रेडिंग का निष्कर्ष।

(VI) कार्यालय में उम्मीदवार की मूल आवेदन की प्राप्ति का दिनांक जिसे कृ.वै.च.मं. को 'उचित माध्यम द्वारा' भेजा जाना है।

(VII) उम्मीदवार से वर्ष 2018 (31.12.2017) के लिए प्राप्त वार्षिक अचल संपत्ति विवरण की प्राप्ति की तारीख सूचित करना होगा और संदर्भ के लिए इसकी एक प्रति संलग्न करनी होगी।

(IV) **शुल्क** का भुगतान निम्नलिखित रूप से किया जाना चाहिए और इसे आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करना चाहिए।

क) देश के भीतर से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए –
सचिव, कृ.वै.च.मं. को नई दिल्ली में देय रू 500 का रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जिसकी वैधता तीन माह हो। तथापि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/विकलांग उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान से छूट है।

ख) विदेश से आवेदन करने वाले आवेदकों/उम्मीदवारों को 50 अमरीकी डॉलर का भुगतान ''SWIFT'' के माध्यम से निम्नलिखित एकाउंट में जमा करना होगा।

| | |
|---|---|
| खाता धारक का नाम | - सचिव, कृ.वै.च.मं. |
| बैंक का नाम | - सिंडिकेट बैंक |
| शाखा का पता | - कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-12 |
| खाता संख्या | - 24133050000035 |
| आईएफएससी कोड | - **SYNB0009029** |
| **SWIFT Code** | **- SYNBINBB019** |

ग) ‘SWIFT‘ के माध्यम से किया गया भुगतान/ डिमांड ड्राफ्ट आवेदन के केवल अग्रिम प्रति के साथ ही संलग्न करना चाहिए और इसकी एक प्रति उचित माध्यम वाले आवेदन के साथ संलग्न करना चाहिए।

घ) कृ.वै.च.मं. के पूर्व **विज्ञापन सं. 05/2016** के अनुसार पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को पुन: शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि डिमांड ड्राफ्ट संख्या/ SWIFT रसीद का आवेदन में उल्लेख करें।**

**(V) संलग्न किए जाने वाले कागजात**

क) जन्म तिथि, एमएससी तथा पीएचडी प्रमाणपत्रों की स्वसत्यापित प्रतियां। (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग उम्मीदवारों को इस संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की स्वसत्यापित प्रतियां भी संलग्न करनी होगी)।

ख) संशोधित स्कोर कार्ड-2018 /आवेदन प्रपत्र-2018 के अनुसार आवश्यक अन्य कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र।

ग) आवेदन प्रपत्र में उचित स्थान पर फोटोग्राफ।

घ) निर्धारित सभी संलग्नकों के साथ आवेदन के लिफाफे के ऊपर आवेदक को अपना नाम, आवेदन किए गए पद का नाम, विज्ञापन संख्या तथा पद संख्या का उल्लेख करना होगा।

**(VI) आवेदनों की अस्वीकृति**

निम्नलिखित आवेदन बिना किसी सूचना के सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे :-

क) निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त न होने वाले आवेदन (आवेदन की अग्रिम प्रति)।

ख) पेरेंट ऑफिस द्वारा भेजा जाने वाला ‘उचित माध्यम द्वारा’ आवेदन निर्धारित तिथि तक प्राप्त न होने पर।

ग) प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा में कार्यरत उम्मीदवार अपने ‘उचित माध्यम द्वारा’ वाले आवेदन को अपने पेरेंट आफिस द्वारा अग्रेषित किए जाने वाले आवेदन को अपनी प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा वाले कार्यालय द्वारा अग्रेषित कराना होगा, जो उनके पेरेंट ऑफिस द्वारा कृ.वै.च.मं. को अग्रेषित प्रति के अतिरिक्त होगा।

घ) **‘उचित माध्यम द्वारा’ निर्धारित अवधि में प्राप्त आवेदन, परंतु जिनके साथ आवश्यक विवरण वाले प्रमाणित ‘नियोक्ता जांच प्रमाणपत्र’ न होने पर।**

ङ) आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने पर।

च) कुछ उम्मीदवार द्वारा आवेदन प्रपत्र में दिए गए स्थान पर सूचनाएं न देकर, सूचनाओं को अनुलग्नक के रूप में संलग्न करने पर तथा कुछ उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के अतिरिक्त अनावश्यक एवं अवांछित दस्तावेज संलग्न करने पर, जो आवेदन को भारी-भरकम एवं बोझिल बना देता है। **अत: आवेदनों, जिनमें सूचनाएं**

**अनुलग्नकों के रूप में दी गई हों या वे आवेदन जिनके साथ 'महत्वपूर्ण टिप्पणियां' की मद संख्या III में सूचित दस्तावेजों के अलावा अन्य दस्तावेज संलग्न होने पर बिना किसी सूचना दिए सरसरी तौर पर आवेदनों को खारिज कर दिए जाएंगे।**

छ) आवेदन में उम्मीदवार के नाम, आवेदन किए गए पद का नाम, विज्ञापन संख्या एवं पद संख्या, जन्म तिथि में विसंगतियां होने पर।

ज) आवेदन जिनके साथ 500/- रु. का वैध डिमांड ड्राफ्ट संलग्न न हो (विदेश से भेजे गए आवेदनों के मामले में 50 यूएस डॉलर)

**(VII) सामान्य सेवा शर्तें**

क) सभी वैज्ञानिक कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष है। इस विज्ञापन के पद सावधिक रूप से 5 वर्षों के लिए भरा जाएगा।

ख) पशुविज्ञान विषयक्षेत्र में नियुक्ति के लिए चयनित आवेदक/उम्मीदवार जिनके पास पशुचिकित्सा विज्ञान /पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन की डिग्री के साथ संबंधित विषयक्षेत्र में स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट की उपाधि हो वे समय-समय पर निर्धारित नियमों के अंतर्गत नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंसेस के पात्र होंगे, बशर्ते परिषद द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों की पूर्ति करते हों।

ग) अर्हता प्राप्त महिला आवेदक/उम्मीदवार को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

**(VIII) सामान्य अनुदेश**

1. आवेदन प्रपत्र-2018 (भाकृअनुप/ कृ.वै.च.मं. के वेबसाइट पर जिस प्रकार एमएस वर्ड/पीडीएफ फार्मेट में उपलब्ध है) तथा अन्य संबंधित दस्तावेज/विवरण वेबसाइट http:/www.icar.org.in तथा http:/www.asrb.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उम्मीदवार द्वारा सचिव, कृ.वै.च.मं., कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-12 को अनुरोध करने पर भी इसे उपलब्ध कराया जा सकता है।
2. प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन प्रपत्र, अलग शुल्क, अलग 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' तथा अलग 'सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र' कृ.वै.च.मं. को भेजना आवश्यक होगा।
3. कोई भी दो आवेदनों को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।
4. आवेदन शुल्क का भुगतान केवल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना चाहिए। आवेदक/उम्मीदवार को रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता, पद का नाम, विज्ञापन संख्या और पद संख्या का उल्लेख करना होगा। **यह नोट करें कि आवेदन शुल्क का भुगतान किसी अन्य माध्यम से स्वीकार्य नहीं होगा, यानी इंडियन पोस्टल ऑर्डर, मनीऑर्डर इत्यादि के माध्यम से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट जारी करने की तिथि विज्ञापन समाचार पत्रों में जारी होने की तिथि से पहले की**

**नहीं होनी चाहिए। आगे डिमांड ड्राफ्ट की वैधता तीन माह की होनी चाहिए और वैधता तीन माह से कम होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

5. निर्धारित आवश्यक अर्हताएं न्यूनतम हैं और केवल इनके होने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव, अनुसंधान कार्य, प्रकाशन, अवार्ड आदि के आधार पर उम्मीदवारों के सापेक्ष गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए कृ.वै.च.मं. द्वारा अपनाई गई स्कोर कार्ड-2018 (वर्तमान समय में भाकृअनुप/कृवैचम के वेबसाइट पर उपलब्ध) के अनुसार आवेदनों की जांच में अर्हता प्राप्त करने वाले आवेदकों/उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सुझाव दिया जाता है कि आवेदन प्रपत्र के भाग-बी को सावधानीपूर्वक भरें और आवेदन के प्रत्येक कॉलम को सही तरीके से भरें, चूंकि उनके द्वारा प्रत्येक कॉलम में दी गई सूचनाओं के आधार पर अंक दिए जाएंगे। प्रकाशन/अन्य प्रकाशन में प्रविष्टियां भरने के लिए आवेदक/उम्मीदवार वैज्ञानिक जर्नलों के नास रेटिंग का भी संदर्भ ले सकते हैं।
6. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुदेशों के अनुसार अनुसंधान प्रबंधन पद पर कार्यरत वैज्ञानिक के आवेदन को भाकृअनुप प्रणाली के अंतर्गत किसी अन्य समकक्ष अनुसंधान प्रबंधन पद के लिए तभी अग्रेषित किया जा सकता है जब उसने अपने वर्तमान अनुसंधान प्रबंधन पद पर दो वर्षों का सेवाकाल पूर्ण कर लिया हो। तथापि, वैज्ञानिक जो अनुसंधान प्रबंधन पद पर कार्यरत नहीं हैं, वे किसी भी समय अनुसंधान प्रबंधन पद वाले समकक्ष पदों पर आवेदन कर सकते हैं। तथापि, यह प्रावधान राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक, उप-महानिदेशक एवं एनएआईपी के राष्ट्रीय निदेशक पदों के पदधारियों के लिए लागू नहीं होगा। उच्च ग्रेड में कार्यरत वैज्ञानिकों को ऐसे पद के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसमें अनुसंधान प्रबंधन शामिल हो परंतु निम्न वेतनमान हो, यद्यपि, विज्ञापन में विशेष रूप से अर्हता प्राप्त आवेदकों/उम्मीदवारों को उच्च वेतनमान देने के संदर्भ में उल्लेख किया गया हो।
7. सभी पदों के लिए विशेष रूप से अर्हता और अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों के लिए कृ.वै.च.मं. द्वारा उच्च प्रारम्भिक वेतन की सिफारिश की जा सकती है।
8. आवेदकों/उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रण किसी प्रकार का आश्वासन नहीं है कि उनका चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार/उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जारी किया जाएगा।
9. लघु-सूची में सूचीबद्ध आवेदकों/उम्मीदवारों को कृ.वै.च.मं. द्वारा निर्धारित स्थान पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार के लिए आमंत्रित आवेदकों/उम्मीदवारों की यात्रा या अन्य खर्च का वहन मंडल द्वारा नहीं किया जाएगा। तथापि मंडल द्वारा आवेदक/उम्मीदवार के सामान्य आवासीय स्थान या जहां से वे वास्तव में यात्रा

प्रारम्भ करते हैं, जो भी स्थान साक्षात्कार स्थान के निकट होगा वहां के निकटस्थ रेलवे स्टेशन से साक्षात्कार स्थान तक के लिए निकटतम मार्ग द्वारा आने तथा वापसी उसी स्टेशन तक जाने का दूसरे दर्जे का मेल रेल किराया या उम्मीदवार द्वारा वास्तव में खर्च की गई राशि जो भी कम होगी अंशदान के रूप में उस राशि भुगतान की जाएगी। इसका विवरण आवेदकों/उम्मीदवारों द्वारा साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने पर प्रस्तुत किया जाएगा।

10. आवेदकों/उम्मीदवारों के साथ साक्षात्कार हेतु आमंत्रण न करने या साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयन न करने के संबंध में मंडल किसी प्रकार का पत्राचार नहीं करेगा।
11. साक्षात्कार में वार्ता/उत्तर हिन्दी में देने का विकल्प मंडल में मौजूद है।
12. किसी भी रूप में अपने पक्ष में प्रचार करने पर आवेदक/उम्मरदवार को अयोग्य करार दिया जाएगा।
13. **यदि कोई विसंगति हो तो एम्प्लॉयमेंट न्यूजपेपर/कृ.वै.च.मं एवं भा.कृ.अनु.प. के वेबसाइट में दिए गए विस्तृत विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**

**सचिव**